छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित

ए-25, व्ही.आई.पी. इस्टेट, खम्हारडीह, शंकरनगर, रायपुर - 492007

पंजीयन क्रमांक. 225 दिनांक 31.10.2000

सातवीं वार्षिक साधारण सभा

दिनांक : 30 मार्च 2007

समय : दोपहर 1.00 बजे

कार्यालय, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित
ए-25, व्ही.आई.पी. एस्टेट, खम्हारडीह, शंकरनगर, रायपुर - 492-007
कार्यालय दूरभाष : 2283262, 2283267, 2283593 फैक्स : 0771-2283594

क्रमांक/वनो./संघ/सह/साधा.सभा/2007/4552 रायपुर/दिनांक 15/03/2007

प्रति,

1. माननीय अध्यक्ष/संचालक गण,
छ.ग. राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, रायपुर
2. अंशधारी सदस्य संस्थाएं समस्त,
3. संयुक्त पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, रायपुर

विषयः- छ.ग.राज्य लघु वनोपज संघ, रायपुर की सातवीं वार्षिक साधारण सम्मिलन दिनांक 30.03.2007 की संशोधित सूचना ।

छ.ग.राज्य लघु वनोपज संघ, रायपुर की सातवीं वार्षिक साधारण सम्मिलन दिनांक 30.03.2007 गुरूवार को अपरान्ह 1:00 बजे, स्थान होटल बेबीलॉन, व्ही.आई.पी.रोड, रायपुर में निम्नलिखित कार्य सूची पर विचार करने के लिए आहूत हैंः-

कार्यसूची

विषय क्रमांक -1 छठवीं वार्षिक साधारण सम्मिलन दिनांक 25.03.06 के कार्यवृत्त की पुष्टि ।

विषय क्रमांक -2 छठवीं वार्षिक साधारण सम्मिलन के निर्णय का पालन प्रतिवेदन ।

विषय क्रमांक -3 वित्तीय वर्ष 2006-07 का कार्यक्रम तथा अनुमानित व्यय ।

विषय क्रमांक -4 वित्तीय वर्ष 2007-08 के क्रियाकलापों के कार्यक्रम का अनुमोदन ।

विषय क्रमांक -5 वित्तीय वर्ष 2007-08 के लिये बजट की स्वीकृति ।

विषय क्रमांक -6 वित्तीय वर्ष 2000-01, 2001-02, 2002-03 की स्थिति ।

अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से ।

सम्मिलन के लिये नियत समय पर गणपूर्ति (कोरम) नहीं होने की दशा में सम्मिलन स्थगित किया जावेगा, और इस प्रकार स्थगित सम्मिलन उसी दिन, उसी स्थान पर, आधे घन्टे बाद अपरान्ह 1:30 बजे होगा ।

कृपया निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर सम्मिलन में उपस्थिति प्रार्थनीय हैं ।

सही/-
(एस.के.एस.सिसोदिया)
सचिव
छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ, रायपुर

अध्यक्षीय उद्‌बोधन

सम्माननीय प्रतिनिधिगण तथा संचालकगण

लघु वनोपज संघ की सातवी वार्षिक साधारण सभा में आप सभी का मैं हार्दिक स्वागत करता हूँ । छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हुए 6 वर्ष पूर्ण हो चुका हैं । इतनी अल्प अवधि में इस राज्य ने तेजी से जो विकास किया हैं, वह बहुत संतोषजनक कहा जा सकता हैं । जिस गति से राज्य का विकास अन्य क्षेत्रों में हुआ हैं । उसी गति से लघु वनोपज के क्षेत्र में भी विकास करने के लिए अभी और प्रयासों की आवश्यकता हैं । छत्तीसगढ़ को प्रकृति की अलौकिक देन हमारी वन सम्पदाएं प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं । लघु वनोपज संघ तथा इससे सम्बद्ध वनोपज सहकारी संस्थाओं की गतिविधियों में इस प्रकार के परिवर्तन किये जाने की आवश्यकता हैं जिससे लघु वनोपज संग्रहण के कार्य में सम्बद्ध व्यक्तियों की आय में समुचित वृद्धि हो सके । प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि करने की दिशा में अभी हमें बहुत कार्य करने की आवश्यकता हैं । विकास को सार्थक एवं परिणामी बनाना हैं । वित्तीय वर्ष 2007–08 के लिए माननीय मुख्य मंत्री जी ने छ.ग. विधान सभा में राज्य का जो बजट प्रस्तुत किया हैं वह इस दृष्टि से ऐतिहासिक हैं कि वह परिणामी बजट हैं । हमें भी लघु वनोपज संग्राहकों के लिए परिणाममूलक कार्य करने की सार्थक पहल करनी चाहिए । हमारा यह संघ वित्तीय प्रबंधन की ओर उचिव ध्यान देता हैं, तथा राज्य सरकार भी समय–समय पर वित्तीय सहायता उपलब्ध कराती हैं । मूल्य संवर्धन के द्वारा इस दिशा में आशातीत सफलता मिल सकती हैं ।

प्रदेश में संग्रहण वर्ष 2007 में 17.95 लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता संग्रहण का अनुमान हैं । संग्रहण सीजन 2006 में 14.72 लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण हुआ था और इसके विक्रय से 140.02 करोड़ की राशि प्राप्त हुई थी । संग्रहण वर्ष 2007 में तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 450 रूपये प्रति मानक बोरा को बढ़ाकर 500 रूपये प्रति मानक बोरा किया गया हैं । इससे संग्राहकों को लगभग 9 करोड़ रूपये अधिक संग्रहण पारिश्रमिक प्राप्त होगा ।

संग्रहण वर्ष 2007 में संग्रहित होने वाले तेन्दूपत्तें की अनुमानित मात्रा 17.95 लाख मानक बोरा का अग्रिम निर्वर्तन कर केता नियुक्त किये गये हैं । इसके विक्रय से लगभग रू. 340.51 की राशि प्राप्त होगी, तथा लगभग 200 करोड़ रूपये का शुद्ध लाभ होगा । तेन्दूपत्ता के व्यवसाय में आशातीत सफलता के लिए मैं आप सभी को मैं हार्दिक धन्यवाद देता हूँ । इससे वर्ष 2007 सीजन तेन्दूपत्ता संग्राहकों को लगभग रूपये 140 करोड़ प्रोत्साहन पारिश्रमिक के रूप में प्राप्त होंगे ।

सरकार द्वारा निर्णय लिया गया हैं कि वर्ष 2005 के तेन्दूपत्ता व्यापार से प्राप्त शुद्ध लाभ की 70 प्रतिशत राशि लगभग 24.59 करोड़ रूपये प्रोत्साहन पारिश्रमिक के रूप में संग्राहकों को वितरित की जावेगी । संघ द्वारा यह राशि जिला वनोपज सहकारी यूनियनों को उपलब्ध करा दी गई हैं । समस्त जनप्रतिनिधियों, पंच/सरपंच तथा ग्राम वन समिति/वन सुरक्षा समिति के अध्यक्षों से मेरा विन्रम अनुरोध हैं कि प्रोत्साहन पारिश्रमिक वितरण के दौरान उपस्थित रहने का कष्ट करें ताकि वितरण में पारदर्शिता रहे ।

विगत वर्ष की भांति वर्ष 2007 में शासन ने तेन्दूपत्ता संग्राहकों के शारीरिक कष्ट निवारण की दृष्टि से प्रत्येक तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवार को उनकी इच्छा अनुसार महिला या पुरूष सदस्य को एक जोड़ी चरणपादुका प्रदान करने का निर्णय

लिया हैं । इस हेतु राज्य शासन द्वारा लघु वनोपज संघ को 13 करोड़ रूपये उपलब्ध करा दिया गया हैं । चरणपादुकाएं क्रय के लिए गठित क्रय समिति द्वारा अनुशंसित दरों पर लगभग 12.74 लाख जोड़ी चरणपादुका क्रय किया जाना हैं । हमारा यह प्रयास हैं कि शीघ्र ही तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवार को चरणपादुका का वितरण कर दिया जाए ।

प्रदेश में अराष्ट्रीयकृत लघु वनोपज आधारित विकास की संभावना को ध्यान में रखते हुये अराष्ट्रीयकृत वनोपज उत्पादन में वृद्धि, गुणवत्ता आधारित संग्रहण, मूल्य वर्धन हेतु प्रसंस्करण एवं विपणन को बढ़ावा देते हुए इससे जुड़े संग्राहक जो कि वन समितियों एवं प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के सदस्य हैं, को अतिरिक्त आय प्रदाय करने हेतु संघ के द्वारा विशेष प्रयास जारी है । उपरोक्त कार्यों में लक्ष्य के अनुसार सफलता प्राप्त करने हेतु संसाधन सर्वेक्षण कर लक्ष्य प्रजाति को चिन्हांकित करते हुये संवर्धन एवं मूल्य वर्धन कार्य को बढ़ावा दिया जा रहा है ।

राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा अराष्ट्रीयकृत लघु वनोपज संवर्धन एवं विकास हेतु वर्ष 2006–07 में यूरोपियन कमीशन की सहायता से अराष्ट्रीयकृत लघु वनोपज आधारित रोजगारोन्मुख कार्य परियोजना, लागत रू. 21.20 करोड़ वर्ष 2006–07 से प्रारंभ की गई है । इस हेतु वर्ष 2006–07 के वन विभाग के स्वीकृत बजट में नवीन शीर्ष का गठन कर रु. 3.28 करोड़ का प्रावधान किया गया है । लघु वनोपज का संग्रहण/प्रसंस्करण एवं विपणन को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न कार्य जैसे कि संसाधन सर्वेक्षण, लघु वनोपज आधारित माइक्रोइन्टप्राइजेस स्थापना, विपणन, सूचना प्रबंधन प्रणाली, अनुसंधान एवं विस्तार, प्रमाणीकरण तथा क्षमता विकास आदि कार्य कियान्वित किये जायेंगे । इससे राज्य के लघु वनोपज संग्राहकों को अतिरिक्त रोजगार एवं आय प्राप्त होगी । उपरोक्त प्रयासों को सतत् रूप से आगे बढ़ाने के लिए प्राथमिक वनोपज समिति/वन समिति/स्व–सहायता समूहों को सशक्त किया जायेगा । इसके अंतर्गत तीन वर्षों में राज्य की ऐसी 200 प्राथमिक वनोपज समितियों का चयन किया जायेगा, जो संसाधन एवं क्षमता के मामले में दक्ष हो । इस प्रकार क्षमता विकास करने पर अन्य समितियों में भी प्रतिस्पर्धा हो सकेगी ।

वर्ष 2006–07 में स्थानीय स्व सहायता समूह/वन समिति/प्राथमिक वनोपज समिति के माध्यम से वनोपज संग्रहण/प्रसंस्करण एवं विपणन किये जाने बाबत् संघ द्वारा प्रयास किया गया हैं । विभिन्न स्त्रेंतो द्वारा प्राप्त राशि से माहुल पत्ता, शहद, इमली, तैलीय बीज, आंवला तथा वनौषधी आधारित माइक्रोइन्टरप्राइजेस स्थापित किये जा कर, वित्तीय वर्ष 2006–07 में रू. 80.38 लाख का उत्पादन किया गया है । विपणन कार्य में गति लाने हेतु वर्ष 2006–07 में 6 वृत्त मुख्यालयों पर NWEP मार्ट स्थापित किये गये हैं तथा प्रत्येक जिला यूनियन स्तर पर संजीवनी स्थापित की जा रही हैं । हर्बल विशेषज्ञों के माध्यम से पैकेजिंग, लेबलिंग तथा प्रोडक्ट प्रमोशन में सुधार हेतु प्रयास किये जा रहे हैं । इसके साथ क्षमता विकास कार्यक्रम के अर्न्तगत कुल 5752 कृषक/संग्राहक लाख, कुल्लू गोंद, शहद, औषधि खेती एवं माहुल पत्ता आदि विषयों में प्रशिक्षित किये गये हैं । इस श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए वर्ष 2007–08 में विभिन्न स्त्रोतों से राशि प्राप्त कर, कुल रू. 21.53 करोड़ विभिन्न घटकों में व्यय किये जाने हेतु कार्य योजना तैयार की गई है । इन प्रयासों से मुझे आशा है कि अकाष्ठीय वनोपज आधारित विकास में अच्छी गति आयेगी ।

संग्राहक परिवारों के आर्थिक विकास के साथ–साथ उनको सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए हम सदैव प्रयासरत हैं । संघ में सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना लागू हैं । इस योजना में वर्ष 2006–07 में 5.97 करोड़ रूपये जीवन बीमा

निगम को प्रीमियम भुगतान किया गया हैं तथा जीवन बीमा निगम द्वारा दिसंबर 2006 तक 18514 प्रकरणों का निराकरण कर रूपये 8.63 करोड़ की राशि संग्राहकों के आश्रितों को वितरित की गई है । इस प्रचलित बीमा योजना के स्थान पर तेन्दूपत्ता संग्राहकों के परिवार के मुखिया के लिये भारतीय जीवन बीमा निगम के माध्यम से **''जनश्री''** बीमा योजना लागू की जा रही हैं, योजना हेतु प्रति सदस्य प्रति वर्ष 100/– रूपये प्रीमियम भुगतान किया जाएगा । **''जनश्री''** बीमा योजना में परिवार के मुखिया के साधारण मृत्यु पर नामांकित व्यक्ति को रूपये 20,000/– दुर्घटनाजन्य मृत्यु पर रूपये 50,000/– आंशिक अपंगता पर रूपये 25,000/– एवं पूर्ण अपंगता की दशा में रूपये 50,000/– देय होगा, इसके अतिरिक्त योजना के सदस्यों के दो बच्चों को यदि वे नवमी से बारहवी कक्षा (आई.टी.आई. सहित) में अध्यनरत हो तो 300/– रूपये प्रति विमाही की दर से छात्रवृत्ति दिये जाने का प्रावधान हैं । शासन द्वारा वर्ष 2006 –2007 व 2007–2008 में इस योजना के कियावन्यन के लिए प्रीमियम की 75 प्रतिशत राशि 9.4475 करोड़ रूपये का बजट प्रावधान प्रत्येक वर्ष में किया गया हैं ।

सहकारिता की भावना से वनोपज संघ तथा वन/सहकारिता विभाग के अधिकारियो/कर्मचारियों द्वारा संग्राहक एवं संघ के हित में किये जा रहे निष्ठापूर्वक कार्यों की मैं, प्रशंसा करता हूं । उनसे यह अपेक्षा है कि वे सदैव लघु वनोपज संग्राहकों के हित को सर्वोपरि रखकर कार्य करें । संघ के कार्यों के संपादन हेतु अमले की कमी को दूर करने के लिए मेरे द्वारा सतत् प्रयास किये गये है । संघ के स्टाफिंग पैटर्न की स्वीकृति के पश्चात रिक्त पदों को भरने के लिए कार्यवाही की गई । डाटा एन्ट्री आपरेटर के रिक्त 37 पदों में से 35 पदों पर नियुक्ति की जा चुकी हैं । उपयुक्त विकंलाग उम्मीदवार उपलब्ध न होने के कारण दो पद रिक्त हैं । सीधी भर्ती के रिक्त पदों को भरने के लिए शासन से अनुमति मांगी गई हैं । प्रतिनियुक्ति पर पदस्थिति के लिए सहकारिता तथा वन विभाग से अमला मांगा गया हैं । संघ के अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष के स्थान पर 60 वर्ष करने तथा चतुर्थ श्रेणी के सेवायुक्तों की सेवानिवृत्ति आयु 60 के स्थान पर 62 वर्ष करने का निर्णय लिया गया हैं । अधिकारियों/कर्मचारियों की मांगों पर सदैव सहानूभुति पूर्वक विचार कर उनके हितों का सदैव ध्यान रखा जाता हैं ।

आभार

यह संघ लघु वनोपज तथा वनौषधियों के विकास, संग्रहण, प्रसंस्करण, संवर्धन, मूल्यवर्द्धन, एवं प्रशिक्षण की गतिविधियों से लगभग 13 लाख लघु वनोपज संग्राहक परिवार के आर्थिक तथा सामाजिक कल्याण एवं विकास में सार्थक योगदान कर रहा है । यह आप सभी के तथा इन गतिविधियों से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सम्बद्ध अधिकारियों तथा कर्मचारियों के कठोर परिश्रम, सेवाओं तथा सद्भावनाओं से ही संभव हो पा रहा हैं, इसके लिए मैं सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ । मैं अपेक्षा करता हूँ आगे भी आप सभी इसी प्रकार से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के इन लघु वनोपज संग्राहकों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान तथा कल्याण के लिए कार्य करते रहेंगे ।

जय सहकार । जय छत्तीसगढ़ ।

(मुरारी लाल सिंह)
अध्यक्ष

विषय-सची

अ.क्र	विषय	पृष्ठ क्रमांक
1.	छठवीं वार्षिक साधारण सम्मिलन दिनांक 25.03.06 के कार्यवृत्त की पुष्टि ।	1-3
2.	छठवीं वार्षिक साधारण सम्मिलन के निर्णय का पालन प्रतिवेदन ।	4
3.	वित्तीय वर्ष 2006-07 का कार्यक्रम तथा अनुमानित व्यय ।	5-43
4.	वित्तीय वर्ष 2007-08 के क्रियाकलापों के कार्यक्रम का अनुमोदन ।	44-51
5.	वित्तीय वर्ष 2007-08 के लिये बजट की स्वीकृति ।	52-58
6.	वित्तीय वर्ष 2000-01, 2001-02, 2002-03 की स्थिति ।	59

<u>विषय क्रमांक - 1</u>

विषय : छठवीं वार्षिक साधारण सभा दिनांक 25.03.2006 के कार्यवृत्त की पुष्टि ।

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित रायपुर की छठवीं वार्षिक साधारण सभा दिनांक 25.03.2006 का कार्यवृत्त संघ के पत्र क्रमांक/वनो/सह.साधारण सभा दि/2006/4865 दिनांक 24.04.2006 से माननीय सदस्यगण, संचालक मंडल एवं समस्त माननीय प्रतिनिधिगण जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित को कार्यवृत्त संलग्न कर भेजा गया । उक्त कार्यवृत्त पर मान्नीय सदस्यों की ओर से कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई । बैठक का कार्यवृत्त निम्नानुसार है :-

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित रायपुर की छठवीं वार्षिक साधारण सभा दिनांक 25.03.2006 का कार्यवाही विवरण ।

दिनांक : **25.03.2006**

समय : **3.00 बजे अपरान्ह**

दिन : **शनिवार**

स्थान : **छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ कार्यालय स्थित सभाकक्ष रायपुर** ।

संघ की छठवीं वार्षिक साधारण सभा दिनांक 25.03.2006 को अपरान्ह 3.00 बजे से छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित, ए-25 व्ही.आई.पी.स्टेट, खम्हारडीह, शंकरनगर रायपुर स्थित कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई । बैठक में माननीय श्री बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री- वन एवं राजस्व, छत्तीसगढ़ शासन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे । वार्षिक साधारण सभा की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित रायपुर के अध्यक्ष माननीय श्री मुरारीलाल सिंह जी के द्वारा की गई । इस बैठक में जिला वनोपज सहकारी यूनियनों के 22 प्रतिनिधियों तथा संघ के संचालक मण्डल के 08 सदस्यों ने भाग लिया । सर्वप्रथम प्रबंध संचालक द्वारा संघ की छठवीं वार्षिक साधारण सभा में उपस्थित माननीय मंत्री जी, संघ प्रतिनिधियों तथा संचालक मण्डल के सदस्यों का स्वागत किया गया ।

माननीय अध्यक्ष संघ के द्वारा उपस्थित सभी प्रतिनिधियों एवं संचालक मंडल के सदस्यों का संघ की छठवीं वार्षिक साधारण सभा में स्वागत करते हुए उनको संबोधित किया गया तथा अपेक्षा की गई कि ग्रामीण अंचल में गरीब वनवासियों के लिये तेन्दूपत्ता संग्रहण आजीविका का एक महत्वपूर्ण साधन है, अतएव तेन्दूपत्ता संग्रहण करने वाले संग्राहकों को संग्रहण की मजदूरी समय पर मिलनी चाहिए । उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी तेन्दूपत्ते का अग्रिम में निर्वर्तन किया गया, अभी तक लगभग 95 प्रतिशत तेन्दूपत्ते का अग्रिम विक्रय हो चुका है ।

अध्यक्ष, संघ ने कहा कि तेन्दूपत्ते के साथ-साथ अन्य अराष्ट्रीयकृत वनोपज इमली, तेलीय बीज, शहद, माहुल पत्ता, चिरौंजी आदि वनोपजों के प्रसंस्करण की दिशा में बहुत महत्वपूर्ण कार्य हुये हैं । वन समितियों द्वारा वनौषधियों का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है तथा समितियों द्वारा जड़ी-बूटी से बनाई गई वनौषधियॉं रायपुर स्थित संजीवनी केन्द्र में विक्रय हेतु उपलब्ध है । माहुल पत्ता से दोना-पत्तल बनाने के कार्य में काफी प्रगति हुई है तथा इससे समितियों को लाभ हुआ है । प्रदेश में हमारी प्राथमिक समितियॉं सशक्त बने, अतएव आप सभी संघ प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि आप अपने-अपने क्षेत्र में पूरी लगन एवं मेहनत से कार्य करते हुये गरीब तेन्दूपत्ता संग्राहकों को

उनके मेहनत का पूरा -पूरा लाभ दिलाने हेतु सक्रिय रहे तथा अच्छी गुणवत्ता का ही पत्ता संग्रहित करने के लिये प्रेरित करें, ताकि उनको अधिक से अधिक लाभ मिल सके ।

प्रबंध संचालक द्वारा एजेन्डा से सम्बंधित सभी विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया तथा सभी उपस्थित माननीय संचालक मंडल के सदस्यगण एवं संघ प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि विगत वर्षों के सारे रिकार्ड को तोड़ते हुये छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा 95 प्रतिशत तेन्दूपत्ते का अच्छी दरों पर विक्रय कर एक नया इतिहास बनाया गया है । वास्तव में यह छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ की स्वर्णिम सफलता है । इसका श्रेय हमारे माननीय वनमंत्रीजी के मार्गदर्शन एवं माननीय अध्यक्ष, संघ के कुशल नेतृत्व एवं समस्त तेन्दूपत्ता संग्राहकों, जिला यूनियन के प्रतिनिधियों एवं अध्यक्षों को जाता है । यह छत्तीसगढ़ राज्य के लिये और संघ के लिये बहुत बड़ी उपलब्धि है ।

छठवीं वार्षिक साधारण सभा में विषयवार निम्नानुसार निर्णय लिये गये :-

प्रस्ताव क्रमांक	**संकल्प**
<u>विषय क्रमांक : 1</u> गत् वार्षिक साधारण सभा दिनांक 30.03.2005 के कार्यवृत्त की पुष्टि ।	संघ की गत् वार्षिक साधारण सभा दिनांक 30.03.2005 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई ।
<u>विषय क्रमांक : 2</u> वर्ष 2005-2006 की प्रमुख गतिविधियॉ ।	वर्ष 2005-2006 की प्रमुख गतिविधियों से प्रतिनिधिगण अवगत हुये ।
<u>विषय क्रमांक : 3</u> वित्तीय वर्ष 2006-2007 के लिए प्रस्तावित कार्यक्रम ।	वित्तीय वर्ष 2006-2007 के प्रस्तावित कार्यक्रम का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया ।
<u>विषय क्रमांक : 4</u> वर्ष 2006-07 के लिये छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के अनुमानित बजट की स्वीकृति बाबत् ।	वर्ष 2006-2007 के संघ के प्रस्तावित अनुमानित बजट को स्वीकृत किया गया ।

अन्य विषय :-अध्यक्ष महोदय की अनुमति से -	
<u>विषय क्रमांक -5</u> प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के अंशकालिक प्रबंधकों के पारिश्रमिक में वृध्दि बाबत् ।	संघ प्रतिनिधियों की मांग पर प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के अंशकालिक प्रबंधकों के पारिश्रमिक में वृध्दि के सम्बंध में चर्चा की गई तथा सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि समिति के वर्गीकरण के अनुसार प्रत्येक श्रेणी के समिति प्रबंधकों के पारिश्रमिक में राशि रूपये 200/- प्रतिमाह की वृध्दि अप्रैल 2006 से की जावे । सहकारिता अधिनियम के तहत पंजीयक, सहकारी संस्थाएँ की स्वीकृति भी प्राप्त कर ली जाये ।

सही/-
(श्री ए.के.सिंह)
प्रबंध संचालक
छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज व्यापार एवं
विकास सहकारी संघ मर्यादित, रायपुर

सही/-
(श्री मुरारीलाल सिंह)
अध्यक्ष,
छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज व्यापार एवं
विकास सहकारी संघ मर्यादित, रायपुर

<u>विषय क्रमांक - 2</u>

विषय : छठवीं वार्षिक साधारण सम्मिलन के निर्णय का पालन प्रतिवेदन ।

छठवीं वार्षिक साधारण सम्मिलन के निर्णय का पालन प्रतिवेदन निम्नानुसार हैं :-

प्रस्ताव क्रमांक	संकल्प	की गई कार्यवाही
<u>विषय क्रमांक : 1</u> गत् वार्षिक साधारण सभा दिनांक 30.03.2005 के कार्यवृत्त की पुष्टि ।	संघ की गत् वार्षिक साधारण सभा दिनांक 30.03.2005 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई ।	कार्यवाही की आवश्यकता नहीं है ।
<u>विषय क्रमांक : 2</u> वर्ष 2005-2006 की प्रमुख गतिविधियॉ.	वर्ष 2005-2006 की प्रमुख गतिविधियों से प्रतिनिधिगण अवगत हुये ।	कार्यवाही की आवश्यकता नहीं है ।
<u>विषय क्रमांक : 3</u> वित्तीय वर्ष 2006-2007 के लिए प्रस्तावित कार्यक्रम ।	वित्तीय वर्ष 2006-2007 के प्रस्तावित कार्यक्रम का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया ।	अनुमोदित कार्यक्रम के अनुसार कार्य किये गये हैं ।
<u>विषय क्रमांक : 4</u> वर्ष 2006-2007 के लिये छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के अनुमानित बजट की स्वीकृति बाबत् ।	वर्ष 2006-2007 के संघ के प्रस्तावित अनुमानित बजट को स्वीकृत किया गया ।	स्वीकृत बजट का पालन किया गया हैं ।
अन्य विषय :-अध्यक्ष महोदय की अनुमति से -		
<u>विषय क्रमांक -5</u> प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के अंशकालिक प्रबंधकों के पारिश्रमिक में वृध्दि बाबत् ।	संघ प्रतिनिधियों की मांग पर प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के अंशकालिक प्रबंधकों के पारिश्रमिक में वृध्दि के सम्बंध में चर्चा की गई तथा सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि समिति के वर्गीकरण के अनुसार प्रत्येक श्रेणी के समिति प्रबंधकों के पारिश्रमिक में राशि रूपये 200/- प्रतिमाह की वृध्दि अप्रैल 2006 से की जावे । सहकारिता अधिनियम के तहत पंजीयक, सहकारी संस्थाऍ की स्वीकृति भी प्राप्त कर ली जाये ।	(1) पारिश्रमिक में वृद्धि का आदेश क्रं 5123 दिनांक 29.04.06 द्वारा जारी किया गया । (2) सहकारी अधिनियम के अधीन पंजीयक की स्वीकृति आदेश क्रमांक 26 दिनांक 25.04.06 से प्राप्त हो चुकी है ।

<u>विषय क्रमांक - 3</u>

विषय : वित्तीय वर्ष 2006-07 का कार्यक्रम तथा अनुमानित व्यय ।

(i) छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ की पद संरचना

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग के पत्र क्रमांक/एफ/12-3 /2004/10-2 दिनांक 17.02.2005 द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज व्यापार एवं विकास सहकारी संघ, मर्यादित, रायपुर की पद संरचना की स्वीकृति प्राप्त हुई है । स्वीकृत पद संरचना के अनुसार रिक्त पदों को भरने हेतु कार्यालयीन नोटशीट क्रमांक/2950 दिनांक 09.03.05, 3565 दिनांक 28.03.05, अर्द्ध शासकीय पत्र क्रमांक 46 दिनांक 16.09.05 एवं 61 दिनांक 08.12.05 तथा माननीय अध्यक्ष संघ की ओर से कार्यालयीन नोटशीट क्रमांक 3339 दिनांक 08.03.2006 द्वारा माननीय वन मंत्री जी छत्तीसगढ़ शासन को लेख किया गया है ।

वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ में निम्न अराजपत्रित रिक्त पदों को वन विभाग/सहकारिता विभाग से प्रतिनियुक्ति से भरे जाना है :-

पदनाम	**स्वीकृत पद**	**कार्यरत पद**	**कुल रिक्त पद**
1	2	3	4
उप वनक्षेत्रपाल	**वन- 140**	वन - 86	**54**
लेखापाल	वन- 19	वन - 14	5
	सह- 18	सह - 8	10
	संघ- 10	संघ - 7	3
	कुल 47	**29**	
कनिष्ठलेखापाल	**वन- 31**	**17**	**14**

उपरोक्त पदों के अलावा संघ द्वारा नियमित वेतनमान में सीधी भर्ती से निम्न पदों को भरा जाना है, विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	**पदनाम**	**स्वीकृत पद**	**कार्यरत पद**	**रिक्त पद**
1	शीघ्र लेखक	2	-	2
2	डाटाइण्ट्री आपरेटर	8	2	6
3	निम्न श्रेणी लिपिक	34	12	22
4	संदेश वाहक	73	11	62
5	वाहन चालक	12	10	2
	योगः-	**129**	**35**	**94**

सीधी भर्ती के नियमित पदों को भरने हेतु शासन, वन विभाग की सहमति की आवश्यक्ता है । संघ के कार्यालयीन पत्र क्र./6500 दिनांक 06.05.2006, अर्द्धशासकीय पत्र क्र./71 दिनांक 18. 07.2006, अर्द्धशासकीय पत्र क्र/106 दिनांक 19.10.2006, कार्यालयीन पत्र क्र./स्था/2007/1377 दिनांक 08.02.2007 एवं अर्द्ध शासकीय पत्र क्र./13 दिनांक 05.03.2007 से सीधी भरती के रिक्त पदों को सीधी भरती से भरने हेतु शासन से अनुमति हेतु लेख किया गया है ।

वर्तमान में तेन्दूपत्ता सीजन भी प्रारंभ होने वाला है । संघ द्वारा इमली, माहुल पत्ता, शहद, तेलीय बीज के प्रसंस्करण कार्य भी आरंभ किया गया है । कर्मचारियों के अभाव में संघ का कार्य काफी प्रभावित हो रहा है । लेखा, आडिट आदि का कार्य उचित तरीके से सम्पन्न नहीं हो पा रहा है । गोदामों पर क्रेताओं एवं सघं के दोहरे ताले में पत्ता रखने पर नियंत्रण हेतु उप वनक्षेत्रपाल उपलब्ध नहीं होते हैं । संघ द्वारा संविदा पर डाटा एन्ट्री आपरेटर के 37 पदों में से 35 पदों पर नियुक्ति की जा चुकी है । आरक्षित नियमानुसार विकलांग के उम्मीदवार उपलब्ध न होने के कारण दो पद रिक्त रखे गये हैं । दो चोकीदार के रिक्त पदों पर कलेक्टर दर पर भरती की गई है ।

इसके अतिरिक्त निम्नानुसार रिक्त राजपत्रित पदों को शासन द्वारा वन विभाग से प्रतिनियुक्ति से भरा जाना है :-

पद	स्वीकृत पद	कार्यरत	रिक्त पद
वन संरक्षक एवं पदेन महाप्रबन्धक	2	1	0 (वन संरक्षक के उक्त पद के उन्नयन की प्रत्याशा के विरूद्ध 1 मु.व.सं. कार्यरत
उप वन संरक्षक	2	1	1
सहायक वन संरक्षक (मुख्यालय)	2	1	1
सहायक वन संरक्षक (वन वृत्त)	6	3	3
सहायक वन संरक्षक (जिला यूनियन)	31	23	8
वन क्षेत्रपाल (मुख्यालय)	1	रिक्त	1

संघ के विभिन्न स्तर संघ मुख्यालय, वन संरक्षक एवं पदेन महाप्रबन्धक कार्यालय तथा जिला यूनियन कार्यालयों में स्वीकृत पद तथा कार्यरत पदो की संख्या संलग्न **परिशिष्ट-''अ''** में दर्शाई गई है, जिसका सारांश निम्नानुसार है :-

क्रमांक	पद का नाम	स्वीकृत पद	कार्यरत पद	रिक्त पद
1.	उप वन संरक्षक	2	1	1
2.	सहायक वन संरक्षक	39	27	12
3.	वन क्षेत्रपाल	1	0	1
4.	उप वन क्षेत्रपाल	140	86	54
5.	लेखापाल	47	29	18
6.	कनिष्ठ लेखापाल	31	18	13
7.	डाटा एन्ट्री आपरेटर	8	2	6
8.	शीघ्रलेखक नियमित	2	0	2
9.	सहायक लेखाधिकारी	1	0	1
10.	सहायक वर्ग-3	34	12	22
11.	वाहन चालक	12	10	2
12.	संदेशवाहक	73	11	62
	योग :-	**451**	**252**	**199**

सीधी भर्ती के पदों को भरने की शासन अनुमति के तथा वन विभाग व सहकारिता विभाग से प्रतिनियुक्ति के पद भरने के प्रयास संघ की ओर से किये जा रहे हैं ।

(ii) तेंदूपत्ते का व्यापार

वर्ष 2006 संग्रहण काल में संघ द्वारा प्रदेश की कुल 897 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से तेंदूपत्ते का संग्रहण कराया गया । माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णयानुसार राष्ट्रीय उद्यानों एवं अभ्यारण्यों से तेन्दूपत्ता एवं अन्य लघु वनोपज संग्रहण नहीं किया जाना है, अतः इन क्षेत्रों में वर्ष 2005 की भाँति इस वर्ष 2006 में भी तेन्दूपते संग्रहण नहीं किया गया है । तेंदूपत्ते की संग्रहण दर 450/- प्रति मानक बोरा निर्धारित की गई । सम्पूर्ण प्रदेश में बीड़ी बनाने योग्य अनुमानित उत्पादन के लक्ष्य 18.44 लाख मानक बोरा के विरूद्ध अच्छी गुणवत्ता का 14.72 लाख मानक बोरा तेंदूपत्ते का संग्रहण किया गया । पूरे भारतवर्ष में तेन्दूपत्ता की फसल कमजोर होने के कारण छत्तीसगढ़ में भी उत्पादन कम हुआ । निम्नानुसार लाटों में कोई संग्रहण नहीं हुआ :-

क्रमांक	जिला यूनियन का नाम	लाटों की संख्या	अधिसूचित मात्रा (मानक बोरा में)
1	**2**	**3**	**4**
1.	बीजापुर	1	3000
2.	सुकमा	16	26800
3.	दंतेवाड़ा	2	3200
4.	खैरागढ़	4	8800
5.	राजनांदगांव	4	6900
योग		**27**	**48700**

अग्रिम में नियुक्त क्रेताओं को संग्रहण केन्द्रों पर ही संग्रहित 14.42 लाख मानक बोरा का परिदान दिया गया, जिसका विक्रय मूल्य रू. 135.90 करोड़ हैं । अग्रिम विक्रय में औसत विक्रय दर रू. 942/- प्रति मानक बोरा प्राप्त हुई । शेष लाट, जिनका अग्रिम विक्रय नहीं हो सका, में संग्रहित 0.30 लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता का उपचारण समितियों के माध्यम से कराया जाकर भंडारण कराया गया । अग्रिम में अविक्रित लाटों में संग्रहित 0.30 लाख मानक बोरा का निर्वर्तन रू. 4.12 करोड़ में हुआ तथा औसत विक्रय मूल्य रू. 1393/- प्रति मानक बोरा रहा । जिला यूनियनवार अग्रिम में निवर्तित व अवशेष लाटों का विवरण **परिशिष्ट क-1** में एवं विभागीय रूप से संग्रहित एवं भंडारित तेन्दूपत्ता के निर्वर्तित एवं अवशेष लाटों का विस्तृत विवरण **परिशिष्ट क-2** में संलग्न है । तेंदूपत्ता कार्य में संलग्न विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को प्रोत्साहन पारिश्रमिक का भी भुगतान संघ की ओर से किया जाता हैं ।

प्रदेश में संग्रहण वर्ष 2007 में लगभग 17.95 लाख मानक बोरे के संग्रहण का अनुमान है । संग्रहण वर्ष 2007 में तेंदूपत्ते की संग्रहण दर 450/- प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर रू. 500/- प्रति मानक बोरा निर्धारित की गई हैं । दिनांक 01.03.2007 तक विभिन्न निविदाओं में अग्रिम नियुक्त क्रेताओं को समस्त 17.95 लाख मानक बोरा रू. 340.51 करोड़ में विक्रय किया गया है एवं औसत दर रू. 1897/- प्रति मानक बोरा है । जिला यूनियनवार निवर्तित लाटों का विस्तृत विवरण **परिशिष्ट 'ख'** में संलग्न है ।

वर्ष 2006 की अपेक्षा इस वर्ष 2007 में अग्रिम विक्रय में औसत विक्रय दर में 101 प्रतिशत की वृद्धि हुई हैं तथा सम्पूर्ण मात्रा अग्रिम में विक्रित हो चुकी हैं ।

(iii) **सालबीज का व्यापार**

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा प्रदेश के 13 सालबीज उत्पादक जिलों में वर्ष 2006 में लगभग 0.488 लाख क्विंटल सालबीज का संग्रहण प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से किया गया है । इस वर्ष 0.447 लाख क्विंटल मात्रा का अग्रिम निर्वर्तन हुआ जिससे कुल राशि रू. 3.59 करोड़ विक्रय मूल्य प्राप्त हुआ है । शेष मात्रा 80 क्विंटल सालबीज समितियों के माध्यम से संग्रहित कर गोदामीकृत किया गया । गोदामीकृत 80 क्विंटल सालबीज का विक्रय रू. 44 हजार में किया गया । लाटवार/जिला यूनियनवार विस्तृत जानकारी **परिशिष्ट 'ग'** में संलग्न है ।

संग्रहण वर्ष 2006 के सालबीज की संग्रहण मजदूरी का भुगतान रू. 350/- प्रति क्विंटल की दर से तथा बोनस का भुगतान रू. 150/- प्रति क्विंटल की दर से संघ की ओर से किया जा चुका है ।

संग्रहण वर्ष 2005 में सालबीज के व्याापार से घाटे की राशि रूपये 11.53 करोड़ में से रूपये 5.765 करोड़ की प्रतिपूर्ति वर्ष 2006-2007 में तथा शेष राशि रूपये 5.765 करोड़ की प्रतिपूर्ति वर्ष 2007-2008 में शासन के द्वारा किये जाने की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है ।

(iv) **हर्रा का व्यापार**

संघ द्वारा प्रदेश के 15 जिलों में अग्रिम में विक्रित हर्रा प्राथमिक समितियों के पर्यवेक्षण में तथा अग्रिम में अविक्रित हर्रा प्राथमिक समितियों के द्वारा संग्रहित किया जाता है । संग्रहण वर्ष 2004-2005 के लिए हर्रा, कचरिया एवं बाल हर्रा की संग्रहण दर क्रमशः रू. 250/-, 625/- एवं 1500/- प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है तथा वर्ष 2004-2005 में 56229.79 क्विंटल हर्रा, 1648.89 क्विंटल कचरिया एवं 42.41 क्विंटल बालहर्रा का संग्रहण किया गया है, जिसमें से अब तक 56049.79 क्विंटल हर्रा 1648.89 क्विंटल कचरिया एवं 42.41 क्विंटल बालहर्रा का विक्रय हो चुका है, जिसका विक्रय मूल्य रू. 1.54 करोड़ है । 180.00 क्विंटल हर्रा एवं 2.13 क्विंटल कचरिया विक्रय हेतु शेष है ।

वर्ष 2005-06 में 38233.62 क्विंटल हरा, 2324.66 क्विंटल कचरिया एवं 11.99 क्विंटल बालहर्रा का संग्रहण किया गया है, जिसमें से अब तक 37610.80 क्विंटल हर्रा, 1950.53 क्विंटल कचरिया तथा 11.99 क्विंटल हरा विक्रय हो चुका है, जिसका विक्रय मूल्य रू. 1.15 करोड़ है । 622.82 क्विंटल हर्रा एवं 373.93 क्विंटल कचरिया विक्रय हेतु शेष है ।

संग्रहण वर्ष 2006-2007 में कुल 39 इकाईयों में से 26 इकाईयों का अग्रिम में निवर्तित किया जाकर हर्रा संग्रहण का कार्य प्रगति पर है । वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में जिला यूनियनवार निर्वर्तित इकाईयों की विस्तृत जानकारी क्रमशः **परिशिष्ट 'घ' 'ड़' एवं 'च'** में संलग्न प्रेषित है ।

(v) **गोंद वर्ग-1 कुल्लू गोंद का व्यापार**

कुल्लू वृक्षों में पुनरूत्पादन की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए कुल्लू गोंद संग्रहण दंतेवाड़ा, बस्तर एवं कांकेर जिले को छोड़कर पूरे प्रदेश में प्रतिबंधित है । संघ द्वारा इन जिलों में कुल्लू गोंद संग्रहण प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के पर्यवेक्षण में अग्रिम में नियुक्त केता माध्यम से कराया जा रहा है । वर्ष 2005-2006 में कुल्लू गोंद की संग्रहण दर रू. 9500/- प्रति क्विंटल प्रथम श्रेणी के लिये तथा रू. 6400/- द्वितीय श्रेणी के लिये शासन द्वारा निर्धारित की गई है । संग्रहण

वर्ष 2005-2006 में प्रथम श्रेणी के 625.325 क्विंटल तथा द्वितीय श्रेणी के 51.470 क्विंटल गोंद वर्ग-1 (कुल्लू गोंद) संग्रहण किया गया । संग्रहित मात्रा का निर्वर्तन अग्रिम में ही क्रेता नियुक्त कर रू. 68.37 लाख में किया गया है । औसत विक्रय दर रू. 10103/- प्रति क्विंटल प्राप्त हुई है ।

शासन द्वारा संग्रहण वर्ष 2006-2007 के लिये गोंद वर्ग-1 (कुल्लू गोंद) प्रथम श्रेणी के लिये संग्रहण दर रू. 14000/- प्रति क्विंटल एवं द्वितीय श्रेणी के लिये रू. 10000/- प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है तथा प्रदेश की 5 इकाईयों को अग्रिम में निवर्तित किया जाकर संग्रहण का कार्य प्रगति पर है । वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 के कुल्लू गोंद के संग्रहण एवं विक्रय का जिला यूनियनवार विस्तृत विवरण क्रमशः **परिशिष्ट 'छ' एवं 'ज'** में संलग्न है ।

गोंद वर्ग-1 की गुणवत्ता वृद्धि तथा विनाश विहीन विदोहन हेतु बस्तर विकास प्राधिकरण से आवंटन प्राप्त कर 200 संग्राहकों एवं 80 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया । प्रशिक्षण गैर सरकारी संस्था कोवेल फाउंडेशन विशाखापटनम द्वारा दिया गया ।

(vi) गोंद वर्ग-2 (धावड़ा/खैर/बबूल)

वर्ष 2005-2006 सीजन में प्रदेश की गोंद वर्ग-2 (धावड़ा/खैर/बबूल) की 15 इकाइयों में 20.00 क्विंटल धावड़ा गोंद एवं 125.50 क्विंटल खैर/बबूल गोंद संग्रहण किया गया । वर्ष 2005-2006 हेतु संग्रहण दर निम्नानुसार निर्धारित थी :-

1. खैर/बबूल - 1500/- प्रति क्विंटल
2. धावड़ा - 2500/- प्रति क्विंटल

संग्रहित 20.00 क्विंटल धावड़ा गोंद एवं 125.50 क्विंटल खैर/बबूल गोंद का विक्रय रू. 2.75 लाख में किया जा चुका है ।

संग्रहण वर्ष 2006-2007 में कुल 21 इकाईयों में से 11 इकाईयों का अग्रिम में निवर्तित किया जाकर गोंद वर्ग-2 संग्रहण का कार्य प्रगति पर है । वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में जिला यूनियनवार निर्वर्तित इकाईयों का विस्तृत विवरण क्रमशः **परिशिष्ट 'झ' एवं 'ञ'** में संलग्न है ।

(vii) सामाजिक सुरक्षा समूह जीवन बीमा योजना

प्रदेश के समस्त तेन्दूपत्ता संग्राहक समूह बीमा योजना द्वारा बीमित हैं । इस योजना के तहत संग्राहक की सामान्य मृत्यु होने पर रू. 3500/-, दुर्घटना के कारण आंशिक रूप से विकलांगता होने पर रू. 12,500/- तथा दुर्घटना में पूर्ण विकलांगता या मृत्यु होने पर रू. 25,000/- की राशि देने का प्रावधान है । बीमा प्रकरण प्रस्तुत करने हेतु समय सीमा मृत्यु दिनांक से एक वर्ष निर्धारित की गई है । इस योजना हेतु संग्राहक को देय प्रीमियम का भुगतान नहीं करना पड़ता है । समस्त देय प्रीमियम का भुगतान संघ द्वारा किया जाता है । वनोपज संघ द्वारा वित्तीय वर्ष 2006-07 में प्रीमियम के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम को रूपये 5.97 करोड़ का भुगतान किया गया । वित्तीय वर्ष 2006-07 में दिसम्बर 2006 तक 18514 दावों का निराकरण कर राशि रूपये 8.63 करोड़ का भुगतान किया गया ।

(viii) वर्ष 2004 एवं वर्ष 2005 के तेन्दूपत्ता संग्राहकों को प्रोत्साहन पारिश्रमिक का वितरण

तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2004 में कुल 18.86 लाख मानक बोरा का संग्रहण किया गया था । उक्त तेंदूपत्ता के निर्वर्तन उपरांत शुद्ध लाभ की राशि में से 70 प्रतिशत की राशि रूपये 25.

37 करोड़ 565 लाभ वाली समितियों में वितरित करने हेतु जिला यूनियन को उपलब्ध कराई गई तथा समितियों द्वारा राशि रूपये 24.96 करोड जन प्रतिनिधियों के समक्ष वितरित की गई ।

जिला यूनियनवार लाभ में रही समितियों की संख्या तथा उन समितियों में प्रोत्साहन पारिश्रमिक के रूप में वितरण योग्य राशि एवं का वितरित राशि का विवरण **परिशिष्ट ''ड''** में संलग्न हैं ।

तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2005 में कुल 14.72 लाख मानक बोरा का संग्रहण किया गया था । उक्त तेंदूपत्ता के निर्वर्तन उपरांत शुद्ध लाभ की राशि में से 70 प्रतिशत की राशि तेंदूपत्ता संग्राहकों को उनके द्वारा संग्रहित तेंदूपत्ता के अनुपात में प्रोत्साहन पारिश्रमिक वितरण किया जाना हैं ।

596 लाभ वाली समितियों में प्रोत्साहन पारिश्रमिक के रूप में राशि रूपये 24.59 करोड़ का वितरण संग्राहकों को करने का निर्णय लिया गया हैं ।

जिला यूनियनवार लाभ में रही समितियों की संख्या तथा उन समितियों में प्रोत्साहन पारिश्रमिक के रूप में वितरण योग्य राशि का विवरण **परिशिष्ट ''ढ''** में संलग्न हैं ।

उक्त प्रोत्साहन पारिश्रमिक का वितरण समितियों द्वारा जन प्रतिनिधियों के समक्ष प्रगति पर है ।

(ix) मूलभूत सुविधा विकास के कार्य

तेन्दूपत्ता के व्यापार से प्राप्त शुद्ध लाभ की 15 प्रतिशत राशि ग्रामों की मूलभूत सुविधाओं के विकास में उपयोग की जाती है । वर्ष 1999+2000, 2001, 2002, 2003, 2004 एवं 2005 के तेन्दूपत्ता व्यापार के लाभ से रू. 44.80 करोड़ की राशि मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए उपलब्ध हैं तथा 28.18 करोड़ की राशि समिति क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं संबंधी कार्य कराने के लिये जिला यूनियन को उपलब्ध कराई गई । उक्त वर्षों में जिला यूनियनवार उपलब्ध राशि एवं संघ द्वारा जिला यूनियनों को उपलब्ध कराई गई राशि का विस्तृत विवरण **परिशिष्ट 'ट'** में संलग्न है ।

(x) प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के प्रबंधकों का लेखा प्रशिक्षण ।

प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के प्रबंधकों को लेखा प्रशिक्षण कराने हेतु संचालक मंडल की 20 वीं बैठक दिनांक 04.08.2005 में निर्णय लिया गया था । संघ से संबद्ध 913 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के प्रबंधकों में से 720 प्रबंधकों को लेखा प्रशिक्षण, सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र बिलासपुर के माध्यम से दिया जा चुका है, तथा 193 समिति प्रबंधक लेखा प्रशिक्षण हेतु शेष हैं । वर्तमान में वर्ष 2007 सीजन के तेंदूपत्ता, शाखकर्तन का कार्य प्रारंभ होने, तेन्दूपत्ता 2005 सीजन का प्रोत्साहन राशि का वितरण कार्य जारी होने के कारण समिति प्रबंधकों को लेखा प्रशिक्षण हेतु भेजा जाना संभव नहीं हो पा रहा हैं । अतः उक्त कार्यों के पूर्ण होने उपरांत प्रशिक्षण कार्यक्रम पुनः प्रांरभ किया जावेगा ।

(xi) भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित कवर्धा से ऋण पर ब्याज प्राप्ति -

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग के पत्र क्रमांक एफ-7-1/2003/10-1 दिनांक 03.03.2003 के निर्देशानुसार भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित कवर्धा को संघ के द्वारा रू. 5.00 करोड़ ऋण के रूप में अपेक्स बैंक की सावधि जमा (एफ.डी.आर) पर देय ब्याज की दर पर दिनांक 04.03.2003 को उपलब्ध कराई गई थी । उक्त ऋण राशि रू. 5.00 करोड़ दिनांक 12.01.2005 को, इस मूलधन पर देय ब्याज रू. 55 लाख दिनांक 31.03.2006 को प्राप्त हुआ है । दिनांक 01.10.2006 तक उक्त ब्याज राशि पर लगने वाले ब्याज की राशि रू. 8,07,251/- प्राप्त करना अभी शेष है ।

(xii) **चरणपादुका का वितरण** -

माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा महामहिम राज्यपाल के विधानसभा में अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान दिनांक 02.03.2005 को घोषणा की गई है कि प्रदेश के समस्त तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवारों को 1-1 जोड़ी चरण-पादुका प्रदान की जायेगी ।

छ.ग. शासन, वन विभाग द्वारा तेन्दूपत्ता संग्राहकों को वितरित किये जाने वाली चरणपादुकाओं के क्रय हेतु प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ की अध्यक्षता में क्रय समिति गठित की गयी, जिसमें वन विभाग, वित्त विभाग, पुलिस विभाग एवं सी.एस.आई.डी.सी. के वरिष्ठ अधिकारी सदस्य हैं ।

तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवार के एक महिला या पुरूष सदस्य को परिवार की इच्छानुसार जिन्होंने वर्ष 2003 अथवा वर्ष 2004 अथवा वर्ष 2005 में संग्रहण किया है, को चरणपादुका प्रदाय की जानी थी । इस प्रकार कुल **12,52,231** संग्राहकों को चरणपादुका वितरित की जानी थी ।

वर्ष 2005-06 के शासन के बजट से वनोपज संघ को रू. 11.345 करोड़ की राशि उपलब्ध करायी जा चुकी है ।

राष्ट्रीय स्तर पर चरणपादुका क्रय हेतु निविदाएँ आमंत्रित की गई । मे. लखानी इंडिया लि., मे. लिबर्टी शूज एवं मे. निखिल फुटवियर्स लि. को रूपये 88/- प्रति जोड़ी की दर पर निम्नानुसार मात्रा के चरणपादुका क्रय आदेश संघ के पत्र क्रमांक/संघ/शूज/2005/10458 दिनांक 14.11.2005 से जारी किये गये ।

विभिन्न कंपनियों को आदेशित मात्रा, प्रदायित मात्रा एवं उनको भुगतान की गई राशि का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	**प्रदायकर्ता कंपनी**	**आदेशित मात्रा जोड़ी में**	**जिला यूनियनों में प्रदायित चरणपादुकाओं की संख्या**	**भुगतान की गई राशि (रूपये में)**
1.	मे.लखानी इंडिया लि.	197081	197080	17343128
2.	मे.निखिल फुटवियर्स लि.	660514	660246	58078670
3.	मे. लिबर्टी शूज लि.	406857	406178	35511468
	योग	**1264452**	**1263504**	**110933266**

विभिन्न जिला यूनियनों में संग्राहकों की संख्या, जिला यूनियन को उपलब्ध कराये गये चरणपादुकाओं की संख्या एवं वितरित चरणपादुकाओं सम्बंधी जानकारी **परिशिष्ट ''ठ''** में संलग्न है । सुकमा जिला यूनियन में 11237 चरणपादुका को छोड़कर शेष जिला यूनियन में चरणपादुका वितरण का कार्य पूर्ण हो गया है ।

(xiii) वनौषधि एवं अराष्ट्रीयकृत लघु वनोपज

छत्तीसगढ़ राज्य अराष्ट्रीयकृत वनोपज में अत्यधिक समृद्व है परन्तु बाजार में स्थानीय कोचियों को विक्रय तथा विनाशकारी विदोहन पद्वतियों के कारण उनका उचित मूल्य, संग्राहक को प्राप्त नहीं होता है । इनका प्रसंस्करण भी बहुत कम है, जबकि प्रसंस्करण में अतिरिक्त रोजगार तथा विक्रय से अधिक आय प्राप्त होती है । अतः छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा प्रयास किया जा रहा है

कि छत्तीसगढ़ के संग्राहकों, जिनमें से अधिकांश आदिवासी हैं, की प्रसंस्करण क्षमता में, प्रशिक्षण, पूंजी तथा विपणन का सहयोग देकर सुधार किया जावे ताकि आगामी वर्षों में जो भी व्यक्ति इस कार्य में दक्ष हो जाता है, इससे वह अपना सतत जीविकोपार्जन कर सके । अधिकांश संग्राहकों की वर्तमान क्षमता को दृष्टिगत रखते हुये इस कार्य में अधिक समय लगना संभावित है तथा प्रारंभ में हानि की संभावना भी बनी रहती है । इस परिपेक्ष्य में वित्तीय वर्ष 2006-07 में अराष्ट्रीयकृत लघु वनोपज संवर्धन एवं विकास हेतु घटकवार किये गये प्रयास एवं प्राप्त परिणामों का विवरण निम्नानुसार है :-

1. संसाधन संवर्धन -

छत्तीसगढ़ राज्य में अकाष्ठीय वनोपज से समृद्ध वन क्षेत्रों का संवर्धन करने हेतु लोक संरक्षित क्षेत्र की स्थापना योजना के माध्यम से राज्य के 9 जिला यूनियन बिलासपुर, मरवाही, धरमजयगढ़, कोरिया, धमतरी, दुर्ग, पूर्व सरगुजा, पूर्व भानुप्रतापपुर एवं जगदलपुर में संघ के व्यय पर तथा राज्य शासन द्वारा प्राप्त अनुदान की सहायता से 14 लोक संरक्षित क्षेत्रों का प्रबंधन किया जा रहा है । इसमें वर्तमान में 5000 हेक्ट. क्षेत्रफल में क्षेत्र तैयारी तथा 51000 हेक्ट. क्षेत्रफल में रख-रखाव के कार्य जारी है । इस योजना के तहत संघ मद से वित्तीय वर्ष 2006.07 में रू. 90. 00 लाख व्यय किये जा चुके हैं । आदिवासी उपयोजना के तहत इस योजना हेतु लगभग रु 104. 00 लाख प्रदाय किए जा चुके हैं । इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष के अंत तक लगभग रू 290. 00 लाख व्यय होने की संभावना है । इस कार्य द्वारा मूल्यवान अकाष्ठीय वनोपज प्रजातियों का स्थलीय संवर्धन, प्रसंस्करण, औषधि निर्माण तथा स्थानीय लोगों व कर्मचारियों की क्षमता विकास आदि कार्य संपादित किये जा रहे हैं ।

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन कार्यरत राष्ट्रीय औषधि पादप बोर्ड से नारायणपुर, पूर्व रायपुर, कांकेर, दक्षिण कोण्डागांव, खैरागढ़, राजनांदगांव, पश्चिम भानुप्रतापपुर, दंतेवाड़ा एवं उत्तर कोण्डागांव, इस तरह कुल 9 जिला यूनियनों के सुश्रुत वन प्रस्तावों की स्वीकृति 2002-2003 में प्राप्त हुई थी, जिसमें प्रत्येक प्रोजेक्ट के लिए 25.00 लाख प्रति परियोजना कुल रु. 225.00 लाख प्राप्त हुए जिसमें 219.70 लाख की राशि व्यय की जा चुकी है । इस योजना के माध्यम से औषधि क्षेत्रों का संवर्धन, औषधि खेती, विपणन, कृषकों को प्रशिक्षण आदि कार्य इस वर्ष पूर्ण हो जावेंगे ।

धमतरी वनमण्डल में अकाष्ठीय वनोपज संवर्धन एवं विपणन हेतु राष्ट्रीय औषधि पादप बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2004-05 से प्रारंभ हुई । अंतःस्थलीय संवर्धन, बाह्य स्थलीय संवर्धन, प्रसंस्करण तथा विपणन परियोजनाओं में अब तक रु. 80.243 लाख व्यय किया गया तथा आई.डी.आर.सी., कनाडा द्वारा स्वीकृत क्षमता विकास एवं सर्वेक्षण परियोजना के अर्न्तगत रू. 17.82 लाख व्यय किया गया है ।

2. कच्चे लघु वनोपज का संग्रहण एवं प्रसंस्करण

2.1 कच्चे लघु वनोपज संग्रहण

राज्य में कच्चे लघु वनोपज के संग्रहण करने हेतु 50 प्रजातियों का चयन कर ग्राम एवं हाट बाजार स्तर पर स्व-सहायता समूहों के माध्यम से क्रय करने हेतु दरें निर्धारित की गई हैं । स्व-सहायता समूह उपरोक्त दरों पर कच्ची लघु वनोपज क्रय करने के पश्चात नजदीकी NWFP मार्ट में विक्रय कर राशि प्राप्त करना है । इस कार्य हेतु ग्राम स्तर समूहों को संग्रहण दर का 5 प्रतिशत, हाट बाजार स्तर के पर समूहों को संग्रहण दर का 1.5 प्रतिशत कमीशन देय होता है । इसके अतिरिक्त उन्हें परिवहन व्यय भी देय होता है । इस कार्य में संबंधित प्राथमिक वनोपज समिति प्रबंधक के सहयोग करने पर उन्हें संग्रहण दर का 0.5 प्रतिशत कमीशन देय होता है । इस प्रकार संग्रहित कच्चे लघु वनोपज को NWFP मार्ट स्तर पर ग्रेडिंग कर

निश्चित दर पर विक्रय किया जा रहा है । इससे संग्राहकों को उचित मूल्य मिलने के साथ ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता की लघु वनोपज उचित दर पर उपलब्ध हो रही है ।

2.2 लाख पालन

राज्य में लाख पालन को बढ़ावा देने हेतु छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग के आदेश क्रमांक/एफ-8-14/206/10-02 दिनांक 04.10.20006 के द्वारा माननीय वन मंत्री जी की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय लाख समिति का संघ मुख्यालय में गठन किया गया है । लाख समिति द्वारा दिनांक 03.01.2007 को माननीय वन मंत्रीजी श्री बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित प्रथम बैठक में नीचे दर्शाये अनुसार मुख्य निर्णय लिये गये हैं ।

2.2.1. राज्य में लाख की खेती को बढ़ाने हेतु वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने हेतु

छ.ग. शासन वन विभाग के बजट में एक नये बजट मद को प्रावधान करने हेतु आवश्यक कार्यवाही किया जावे ।

2.2.2. विभिन्न शासकीय विभागों की भूमिका ।

कृषि विभाग के द्वारा छ.ग. राज्य लघु वनोपज संघ के लाख प्रकोष्ठ से समन्वय स्थापित कर कृषि विस्तार सहायकों का उपयोग लाख खेती के प्रचार-प्रसार एवं विस्तार हेतु करना है । वन विभाग द्वारा वन सुरक्षा समितियों एवं ग्राम वन समितियों के पास उपलब्ध राशि को लाख खेती में उपयोग हेतु सभी सदस्यों ने सहमति प्रकट की तथा समितियों से लाख खेती हेतु प्रस्ताव तैयार कराने बाबत् वन विभाग को निर्देशित किया गया । जिला यूनियनों द्वारा जिला पंचायत व अन्य माध्यमों से लाख खेती हेतु योजनाएं स्वीकृत कराकर इस कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है । जिला पंचायत द्वारा सम विकास योजना से राशि स्वीकृत की जा रही है ।

2.2.3. संसाधन सर्वेक्षण द्वारा डाटाबेस तैयार करना ।

राज्य में लाख उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु राजस्व भूमि तथा कृषि भूमि पर उपलब्ध लाख के पोषक वृक्षों की कृषकवार जानकारी, समस्त जिला कलेक्टर्स द्वारा संबंधित जिला यूनियनों को उपलब्ध कराये जाने के संबंध में सहमति व्यक्त की गई तथा इस संबंध में कार्यालयीन पत्र क्रमांक/वनो./संघ/का.द./लाख खेती/2007/1625 दिनांक 13.02.2007 से आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये ।

2.2.4. लाख पालन माइक्रो इन्टरप्राइजेस स्थापना ।

राज्य में लाख पालन में वृद्वि लाने हेतु लाख उत्पादन आधारित माइक्रो इन्टर प्राईजेस प्रांरभ किया जाना प्रस्तावित है । माइक्रो इन्टरप्राईजेस का मुख्य उद्देश्य यह होगा कि पूर्व से चल रही लाख खेती क्षेत्र में उत्पादन में वृद्धि लाना तथा नये क्षेत्र में लाख पालन कार्य प्रारंभ करना है । इस हेतु प्रत्येक माइक्रो इन्टरप्राइस के अर्न्तगत चयन किये गये परियोजना क्षेत्र में स्व-सहायता समूहों की माध्यम से सघन लाख पालन कार्य को बढ़ावा दिया जावेगा ।

प्रत्येक माइक्रोइन्टरप्राइज में लाख पोषक वृक्ष जैसे कि कुसुम, पलास या बेर जैसे वृक्षों से समृद्ध क्षेत्र परियोजना क्षेत्र के रुप में चयन किया जावेगा अर्थात 20 से 30 उपयुक्त ग्रामों को दो या तीन कलस्टर में चयन किया जावेगा । इन ग्रामों में न्यूनतम 5000 कुसुम या 50000 पलाश वृक्ष होना आवश्यक है । प्रत्येक गांव में एक या दो स्व-सहायता समूह को लाख पालन के साथ जोड़कर प्रशिक्षित किया जावेगा । इन्हे सीमित मात्रा में बीहन लाख उपलब्ध करायी जावेगी । स्थानीय स्तर पर तकनीकी सहायता निरंतर रुप से उपलब्ध कराने

हेतु परियोजना क्षेत्र के प्रत्येक गांव से दो कृषकों को मास्टर्स ट्रेनर्स के रुप में चयन कर आवश्यक प्रशिक्षण दिया जावेगा । इस प्रकार प्रत्येक माइक्रो इन्टरप्राइज के अर्न्तगत परियोजना क्षेत्र का चिन्हकांन, संसाधन सर्वेक्षण, लाख पालन हेतु कृषक एवं स्व-सहायता समूह चयन, हितग्राही प्रशिक्षण, बीहन लाख उपलब्धता, लाख बिक्री आदि कार्य किये जायेंगे ।

लाख की खेती के द्वारा प्रत्येक कुसुम वृक्ष से न्यूनतम 1000 शुद्ध वार्षिक आय प्राप्त कर सकते हैं । इसी प्रकार एक पलाश वृक्ष से न्यूनतम रु. 100 प्रति वृक्ष शुद्ध वार्षिक आय प्राप्त होती है । इस प्रकार एक कृषक 4-5 कुसुम वृक्ष या 40-50 पलाश वृक्षों से रु. 4000-5000 आय प्रति सीजन प्राप्त कर सकते हैं । इसमें बहुत कम मानव श्रम की आवश्यकता होती है तथा गैर कृषि ऋतु में लाख की खेती की जा सकती है । प्रत्येक माइक्रो इन्टरप्राइेज में 500 हितग्राही लाभविंत होगें तथा लगभग 250 क्विंटल लाख उत्पादन होगी । इस हेतु रू.20.00 लाख राशि की आवश्यकता होगी । इस माइक्रो इन्टरप्राइजेस द्वारा प्रत्येक वर्ष 20-25 लाख आमदनी प्राप्त होगी ।

इस प्रकार राज्य के 25 जिला युनियनों में ये माइक्रो इन्टरप्राइेज प्रांरभ किया जा सकता है । प्रत्येक जिला युनियन में माइक्रोइन्टरप्राईजेस प्रांरभ करने की स्थिति में 25x20= रू.5.00 करोड़ की आवश्यकता होगी । यह कार्य वन समिति/प्राथमिक वनोपज समिति के पास उपलब्ध राशि से तथा अन्य योजनाओं के माध्यम से उपलब्ध राशि से किया जा सकता है । इस प्रकार समस्त जिला यूनियनों में कार्य प्रांरभ होने से लाख उत्पादन में वृद्धि तथा क्षेत्र विस्तार होगा ।

इस कार्य क्रियान्वयन करने हेतु संबंधित प्राथमिक वनोपज समिति प्रबंधको को माइक्रो इन्टरप्राइजेस फेसिलिटेटर के रूप में चयन किया जा सकता है, जिस हेतु कार्यवाही जारी है ।

तदानुसार लाख प्रकोष्ठ के माध्यम से 25 जिला यूनियनों में इस कार्य को प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों की मूलभूत सुविधा राशि अथवा वन सुरक्षा समितियों /ग्राम वन समितियों के पास उपलब्ध राशि तथा अन्य विभागों से राशि प्राप्त कर कराये जाने हेतु कार्यवाही करने के बाबत् समस्त जिला यूनियनों को निर्देशित करने हेतु निर्णय हुआ है ।

2.2.5. वृत्त स्तर पर लाख प्रकोष्ठ का गठन तथा अमले का प्रावधान ।

क्षेत्रीय कार्यो के नियंत्रण एवं सर्वेक्षण तथा राज्य स्तरीय प्रकोष्ठ से समन्वय के लिये प्रत्येक वृत्त स्तर पर वन संरक्षक के अधीन एक जूनियर एक्सीक्यूटिव (लाख) तथा इनकी सहायता हेतु एक डाटा एन्ट्री आपरेट्र की संविदा नियुक्ति के संबंध में समिति द्वारा सहमति व्यक्त की गयी ।

2.2.6. लाख फेसिलिटेशन सेंटर स्थापना

राज्य में लाख आधारित विकास की संभावनाऐं बहुत अधिक है । इसमें गति लाने हेतु प्रत्येक वृत्त मुख्यालय स्तर पर स्थापित NWFP मार्ट अंग के रूप मे लाख फेसिलिटेशन सेंटर प्रांरभ किया जाना आवश्यक है । इस फेसिलिटेशन सेंटर द्वारा समस्त हितग्राहियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग दिया जा सकता है । इस फेसिलिटेशन सेंटर का मुख्य दायित्व निम्नानुसार प्रस्तावित है ।

- लाख कृषकों को बीहन लाख उपलब्धता के बारे जानकारी एवं आवश्यकतानुसार बीहन उपलब्ध करना ।
- लाख कृषकों को लाख बिक्री हेतु सहयोग करना ।

- लाख प्रसंस्करण केंन्द्र स्थापना हेतु उचित मार्गदर्शन देना ।
- लाख खेती में बीमारी रोकथाम हेतु मार्गदर्शन देना ।
- नये कृषकों/विभाग या संस्थाओं को लाख पालन में प्रशिक्षण हेतु तकनीकी विशेषज्ञों या मास्टर ट्रेनर्स को उपलब्ध करना ।
- लाख प्रसंस्करण केन्द्र के साथ किसानो को जोडना आदि ।
- परियोजना निर्माण में सहयोग करना ।

उपरोक्त कार्य सम्पादन हेतु प्रत्येक लाख फेसिलिशन सेंटर में जूनियर मैनेजर (लाख) को संविदा पर नियुक्ति किया जाना है । लाख, किसान, बीहन प्रदाय लाख उद्योग संबंधी जानकारी डाटाबेस तैयार कर समय-समय पर उपयोग करने हेतु एक कम्प्यूटर, टेलीफोन एवं डाटा एन्ट्री आपरेटर उपलब्ध करना है । तकनीकी सहयोग हेतु प्रत्येक सेंटर के साथ लाख पालन में प्रशिक्षित 10 मास्टर ट्रेनर्स की सेवाऐं आवश्यकतानुसार ली जाना प्रस्तावित है । इस पर कार्यवाही जारी है ।

2.2.7. मुख्यालय स्तर पर लाख प्रकोष्ठ हेतु अमले का प्रावधान ।

क्षेत्रीय कार्यो से समन्वय बनाने हेतु मुख्यालय स्तर पर वन संरक्षक टास्कफोर्स के अधीन प्रस्ताव अनुसार दो सीनियर मैनेजर एक्सीक्यूटिव (लाख) तथा एक डाटा एन्ट्री आपरेट्र की नियुक्ति के प्रस्ताव पर सहमति दी गयी ।

2.2.8. लाख अनुसंधान संस्थान - रांची, वन उत्पादकता परिषद - रांची तथा शैलाक निर्यात परिषद, - कोलकता की भूमिका द्वारा लाख पालन, प्रसंस्करण एवं विपणन में आवश्यक सहयोग समय-समय पर लेने हेतु निर्णय हुआ है ।

उपरोक्त समिति द्वारा विगत 2 वर्षों में लाख पालन को बढ़ावा देने हेतु संघ द्वारा किये गये प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में क्षमता विकास पर अधिक जोर देने हेतु निर्णय लिया गया ।

2.2.9. लाख पालन हेतु संघ की ओर से किए गए कार्य -

लाख पालन हेतु वित्तीय 2006-07 में किये गये प्रयास निम्नानुसार है । बस्तर एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत लाख पालन से संबंधित परियोजनाओं के तहत नीचे दर्शाये अनुसार कार्य किया जा रहा है ।

- बस्तर एवं दक्षिण क्षेत्र विकास प्राधिकरण क्षेत्र के अन्तर्गत कांकेर, पूर्व भानुप्रतापपुर, पश्चिम भानुप्रतापपुर, उत्तर कोंडागांव, नारायणपुर जिला यूनियनों से लाख पालन हेतु 189 मास्टर्स ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया हैं ।
- बस्तर विकास प्राधिकरण क्षेत्र में लाख विस्तार परियोजना अंतर्गत कांकेर, पूर्व भानुप्रतापपुर, पश्चिम भानुप्रतापपुर, उत्तर कोण्डागांव, नारायणपुर तथा कवर्धा जिला यूनियनों में 2000 कृषकों को लाख प्रशिक्षण एवं बीहन लाख प्रदाय करने की कार्यवाही जारी है । अब तक 1661 लोग प्रशिक्षित हो चुके हैं ।
- बस्तर विकास प्राधिकरण क्षेत्र में बीहन लाख फार्म स्थापना रू. 20.00 लाख की परियोजना के तहत कांकेर, पूर्व भानुप्रतापपुर, उत्तर कोण्डागांव एवं नारायणपुर क्षेत्र

में एक-एक ब्रूड लाख फार्म स्थापना की जावेगी । इस क्षेत्र में 500 कृषकों को ऑन-फार्म प्रशिक्षण दिया जावेगा ।

- सरगुजा एवं दक्षिण क्षेत्र विकास प्राधिकरण से प्राप्त राशि रू. 5.00 लाख से उत्तर सरगुजा, दक्षिण सरगुजा, पूर्वी सरगुजा, जशपुर, कोरिया में 183 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया ।

- सरगुजा-जशपुर उत्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण क्षेत्र में उत्तर सरगुजा में दो, दक्षिण सरगुजा में एक एवं कोरिया में कुल 4 ब्रूड लाख फार्म की स्थापना हेतु रू. 20.00 लाख की परियोजना स्वीकृत हुई है । इस प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत की उपरोक्त जिला यूनियनों में 600 कृषकों को ऑन फार्म प्रशिक्षण दिया जा चुका हैं ।

- सरगुजा विकास प्राधिकरण क्षेत्र में 2000 कृषकों को प्रशिक्षित करने एवं बीहन लाख प्रदाय करने हेतु रू. 35.00 लाख लागत की परियोजना स्वीकृत की गई है । इसके अंतर्गत जिला यूनियनो उत्तर सरगुजा, दक्षिण सरगुजा, पूर्व सरगुजा, जशपुर, कोरबा, मनेन्द्रगढ़ एवं कोरिया में प्रशिक्षण कार्य जारी है ।

- उपरोक्त समस्त कार्यो में तकनीकी सहायता भारतीय लाख अनुसंधान संस्थान, रांची एवं वन उत्पादकता परिषद्, रांची से ली जा रही है ।

- उपरोक्त प्रयासों के फलस्वरूप कृषकों की लाख पालन की तकनीक में सुधार के साथ-साथ लाख उत्पादन में वृद्धि से अतिरिक्त आय प्राप्त होने लगी है । उदाहरण के लिये कांकेर जिला यूनियन में विगत एक वर्ष में 1300 क्विंटल कुसुम लाख व 400 क्विंटल पलास लाख का उत्पादन हुआ । शैलाक एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के सर्वेक्षण प्रतिवेदन के आधार पर वर्ष 2005-06 में छत्तीसगढ़ लाख उत्पादन के क्षेत्र में देश में दूसरे स्थान पर है । वर्ष 2004-05 के तुलना में वर्ष 2005-06 में लाख उत्पादन में 40.87 प्रतिशत की वृद्धि हुई है ।भारतीय लाख अनुसंधान संस्थान के सर्वेक्षण प्रतिवेदन के अनुसार वर्ष 2005-06 में 3460 क्विंटल कुसुमी लाख, 4900 क्विंटल रंगीनी लाख कुल 8360 क्विंटल स्टीक लाख राज्य में उत्पादन हुई है । राज्य में लाख के उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कांकेर के उप वनमंडलाधिकारी, श्री ए.आर.ठाकुर, लाख कृषक श्री पुरूषोत्तम मंडावी जिला यूनियन कांकेर को रांची के महामहिम राज्यपाल द्वारा लाख उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्यो के लिए भारतीय लाख अनुसंधान संस्थान के वार्षिक लाख मेले में पुरस्कृत किया गया है ।

2.3 माहुल पत्ता प्रसंस्करण -

छत्तीसगढ़ राज्य के 12 जिला यूनियनों में माहुल पत्ता संग्रहण प्रसंस्करण का कार्य किया जा रहा है । तिरूमला तिरूपति देवस्थानाम के द्वारा 25.00 लाख 16'' के सादे पत्तल की आपूर्ति का आदेश प्राप्त हुआ है । वर्तमान में तिरूमला तिरूपति देवस्थानाम का 2.63 लाख सादा पत्तल की आपूर्ति की जा चुकी है । भाविष्य में राज्य की विभिन्न प्रसंस्करण इकाईयों में विपणन हेतु एक अच्छे बाजार की संभावना इस संस्था के रूप में है ।

2.4 शहद संग्रहण एवं प्रसंस्करण

- राज्य में शहद संग्रहण कर प्रसंस्करण करने हेतु बिलासपुर एवं जशपुर नगर में क्रमशः 1000 क्विंटल तथा 500 क्विंटल क्षमता वाले 2 प्रसंस्करण केन्द्र स्थापित किये गये हैं ।

- इस वित्तीय वर्ष में 305 क्विं. शहद एकत्रित कर 150 क्वि. प्रसंस्कृत किया गया है । वित्तीय वर्ष में 17.50 क्वि. बिक्री की गई है तथा प्रसंस्कृत शहद को एगमार्क द्वारा प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ है ।

- शहद संग्रहण कार्य में विनाश विहीन प्रक्रिया अपनाने तथा निरन्तरता सुनिश्चित करने हेतु ट्रायफेड, नई दिल्ली की सहायता से दुर्ग एवं बिलासपुर वन वृत्त अन्तर्गत 350 शहद संग्राहकों प्रशिक्षित करने हेतु परियोजना स्वीकृत की गई है तथा उन्हे डंक प्रूफ ड्रेस, सुगम सीढ़ी प्रदाय की जावेगी ।

